<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–13 मई 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान अब से कुछ देर पहले शुरू। प्रदेश के तेरह संसदीय क्षेत्रों में डाले जा रहे हैं वोट। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर।
- प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी वाराणसी में कल दाखिल करेंगे नामांकन पत्र। आज शाम रोड–शो में मिनी भारत दिखाने की तैयारी।
- तीन चरणों में शेष बचे चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों ने तेज किया प्रचार अभियान। चुनावी रैलियों में खूब चल रहे आरोप–प्रत्यारोप के तीर।
- वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट। दर्शन को उमड़े श्रद्धालु।

**********

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए प्रदेश के तेरह संसदीय क्षेत्रों शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच में आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है। इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1 सौ 30 प्रत्याशी मैदान में हैं जिनके भाग्य का फैसला दो करोड़ 47 लाख 47 हजार 27 मतदाता करेगें। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि चौथे चरण के लिए 26 हजार पांच सौ 88 पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। शाहजहांपुर जिले के ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिये भी आज  मतदान हो रहा है। सभी स्थानों पर वोटिंग सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगी। आज के मतदान से कई प्रमुख उम्मीदवारों के राजनैतिक भाग्य का फैसला होगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज संसदीय सीट से चुनाव मैदान में हैं। पिछली बार इस सीट से भाजपा के सुब्रत पाठक चुनाव जीते थे। वह इस बार भी भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनावी समर में हैं। वहीं खीरी संसदीय क्षेत्र से मौजूदा सांसद और गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी एकबार फिर अपना राजनैतिक भाग्य आजमा रहे हैं। उन्नाव संसदीय सीट से सच्चिदानन्द साक्षी पुनः भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हैं, उनके खिलाफ गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनु टंडन चुनाव लड़ रही है।

अनु टंडन 2009 में कांग्रेस के टिकट पर यहां से निर्वाचित हो चुकी है। पिछले संसदीय चुनाव में इन सभी 13 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों ने विजय हासिल की थी। मतदान को लेकर सभी संसदीय क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े बन्दोबस्त किये गये हैं।

चौथे चरण की हाई प्रोफाइल कन्नौज संसदीय सीट पर सुबह सात बजे मतदान शुरू होने के पहले ही पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की कतार लगनी शुरू हो गयी। इस संबंध में हमारे प्रतिनिधि ने बताया......

***कन्नौज संसदीय क्षेत्र बयालीस में चौथे चरण का मतदान प्रारम्भ हो चुका है। इस समय में एक सौ अट्ठानबे कन्नौज विधानसभा के मतदान केन्द्र एक सौ सैंतालीस गोमती देवी गर्ल्स इण्टर कॉलेज मकरंद नगर पर खड़ा हूं। यहां सुबह से मतदान के लिये मतदाताओं की लम्बी–लम्बी कतारें लगी हैं। मतदान के प्रति मतदाता में उत्सुकता है। भय मुक्त, निर्भीक मतदाता कड़ी सुरक्षा के बीच शान्ति माहौल में निष्पक्ष मताधिकार के लिये अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। वैशाख की चिलचिलाती धूप से बचने के खातिर यहां महिला मतदाता की संख्या सर्वाधिक देखने को मिल रही है। नये युवा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने को काफी उत्सुक हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सहूलियत के लिये बूथों पर साफ–सफाई, पेयजल, छाया–चिकित्सा और प्रकाश के बेहतरीन इंतजाम किये हैं। रवि कुमार द्विवेदी आकाशवाणी समाचार कन्नौज।***

**********

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी कल वाराणसी संसदीय क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके पूर्व आज शाम वह वाराणसी पहुंच कर एक रोड–शो भी करेंगे। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

***ये पांचवीं बार होगा जब वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी वाराणसी में अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के बीच मेगा रोड शो करेंगे। इससे पहले उन्होंने 2014 और 2019 के संसदीय चुनावों और 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में भी रोड शो किया था। लगभग 5 किलोमीटर लंबा रोड शो आज शाम 4 बजे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के बाहर महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद शुरू होने वाला है। पीएम का रोड शो लंका चौराहे से सोनारपुरा, जंगमबाड़ी, गोदौलिया, बांसफाटक क्षेत्र होते हुए काशी विश्वनाथ धाम पर खत्म होगा। इस रोड शो में लघु भारत की तस्वीर दिखेगी जिसमें अलग–अलग राज्यों की स्थानीय वेशभूषा पहने लोगों के साथ खिलाड़ी भी मौजूद रहेंगे. नरेंद्र मोदी आज रात वाराणसी में ही रुकेंगे और कल अपना नामांकन दाखिल करेंगे. वह दूसरी ओर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी आज रायबरेली में अपनी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ संयुक्त रूप से चुनाव प्रचार में शामिल होंगे। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ***

**********

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 में आज चौथे चरण के मतदान के साथ प्रदेश की 80 में से 39 सीटों पर प्रत्याशियों की राजनीतिक किस्मत ईवीएम में बंद हो जाएगी। तीन चरणों में शेष बचे 41 संसदीय सीटों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों द्वारा प्रचार अभियान लगातार तेज किया जा रहा हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कल रायबरेली में पार्टी प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह, कौशाम्बी में विनोद सोनकर और गोंडा में कीर्तिवर्धन सिंह के पक्ष में

आयोजित जनसभा को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि एनडीए सरकार ने आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने के साथ–साथ देश की सीमाओं को और अधिक सुरक्षित बना दिया है। उन्होंने धारा–370 और राम मंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए लोगों से भाजपा को जिताने की अपील की। श्री शाह ने कहा कि गठबंधन में शामिल पार्टियां आरक्षण के बारे में देशवासियों को गुमराह कर वोट हासिल करना चाहती है, लेकिन जनता इनके बहकावे में आने वाली नहीं है। श्री शाह ने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ही हासिल किया जा सकता है। इस लक्ष्य के लिये जरूरी है कि भाजपा को प्रचंड बहुमत मिले।

वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी के गौरीगंज में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी, सीतापुर के सिधौली में मोहनलालगंज लोकसभा सीट के प्रत्याशी केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर और बहराइच पयागपुर में कैसरगंज संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी करण भूषण सिंह के लिये वोट की अपील की। चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में देश में विकास का नया इतिहास रचा गया है और भारत को दुनिया में नई पहचान और सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश को माफिया मुक्त राज्य घोषित करने की एक निश्चित समय सीमा तय कर दी जायेगी।

उधर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कल बाराबंकी में गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। श्री यादव ने लोगों से कहा कि संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिये इंडिया गठबंधन एक मात्र राजनैतिक विकल्प है। यह चुनाव इस उद्देश्य को पूरा करने का सुनहरा मौका है। अखिलेश यादव ने मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र में भी एक जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि जैसे–जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है भाजपा के प्रति जनता की नारजगी बढती जा रही है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली के हरचंदपुर क्षेत्र के कठवारा में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने पर अपने घोषणा पत्र के सभी वादों को पूरा करेगी।घोषणा पत्र में महिलाओं, युवाओं और किसानों सहित सभी वर्गो के हितों की रक्षा और कल्याण का वादा किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ी है, किसान परेशान है। इस चुनाव में जनता मौजूदा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ वोट देने का मन बना चुकी है।

**********

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम के कपाट कल वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोल दिए गये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही सभी चारों धाम अब श्रद्धालुओं के लिये खोल दिए गए हैं।

**********

बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के मौजपुर गांव के पास कल दोपहर घाघरा नदी में नहाते समय किशोर उम्र वर्ग के चार लोग डूब गए। ये सभी दुबौलिया थानाक्षेत्र के पिपरी गांव के रहने वाले हैं। काफी प्रयास के बाद स्थानीय गोताखोरों ने दो के शवों को पानी के बाहर निकाल लिया है। समाचार मिलने तक अन्य दो की तलाश जारी थी।

**********